**रिंटवीक विमेन टू वॉच अवॉर्ड 2026 में डॉ. रुचिता सुजई चौधरी को 'पब्लिशिंग पर्सन ऑफ द ईयर' सम्मान**

प्रिंट एवं पैकेजिंग उद्योग के प्रतिष्ठित मंच प्रिंटवीक द्वारा आयोजित 'विमेन टू वॉच अवॉर्ड्स 2026' में देशभर से प्राप्त 108 प्रविष्टियों में से विभिन्न श्रेणियों के लिए 18 उत्कृष्ट महिलाओं का चयन किया गया। इस वर्ष 'पब्लिशिंग पर्सन ऑफ द ईयर' सम्मान ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डॉ. रुचिता सुजई चौधरी को प्रदान किया गया।

डॉ. चौधरी को यह सम्मान मीडिया शिक्षा, प्रकाशन, मीडिया साक्षरता, डिजिटल शिक्षण सामग्री निर्माण तथा ज्ञान के प्रसार के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने उच्च शिक्षा में नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने के साथ-साथ ई-कंटेंट विकास, मीडिया साक्षरता और समावेशी संचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

डॉ. रुचिता सुजई चौधरी एक सक्रिय शिक्षाविद्, शोधकर्ता, लेखिका एवं मीडिया विशेषज्ञ हैं। अब तक उनकी नौ पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है तथा उनके पचास से अधिक शोध-पत्र, पुस्तक अध्याय एवं अकादमिक लेख राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और प्रकाशनों में प्रकाशित हो चुके हैं। मीडिया, जनसंचार, मीडिया साक्षरता, जेंडर अध्ययन तथा समकालीन सामाजिक विषयों पर उनके शोध कार्यों को व्यापक सराहना प्राप्त हुई है।

उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अंतर्गत ई-कंटेंट निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा स्वयं, स्वयं प्रभा और अन्य राष्ट्रीय शैक्षणिक मंचों के लिए पाठ्य सामग्री विकसित की है। उनका 'मीडिया साक्षरता' पाठ्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित हो रहा है तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा, "डॉ. रुचिता सुजई चौधरी को 'पब्लिशिंग पर्सन ऑफ द ईयर' जैसा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त होना विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है। उनकी शैक्षणिक प्रतिबद्धता, उत्कृष्ट शोध कार्य, प्रकाशन उपलब्धियाँ तथा मीडिया शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारपूर्ण योगदान उन्हें विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता का भी प्रमाण है। हमें विश्वास है कि उनकी उपलब्धियाँ विद्यार्थियों, शोधार्थियों और युवा शिक्षकों को नई प्रेरणा देंगी।"

‘विमेन टू वॉच अवॉर्ड्स’ प्रिंटवीक के प्रतिष्ठित ‘लीडर्स एंड लीजेंड्स 2026’ समारोह का हिस्सा है। यह आयोजन प्रिंटवीक के तीन प्रमुख कार्यक्रमों—‘पावर 100’, ‘फोर्टी अंडर 40’ और ‘विमेन टू वॉच’—का समागम है, जो उद्योग में उत्कृष्ट नेतृत्व, नवाचार और उपलब्धियों को सम्मानित करता है।

इस वर्ष पुरस्कार कार्यक्रम में पहली बार व्यक्तिगत श्रेणियों के साथ-साथ संस्थागत श्रेणियों को भी शामिल किया गया, जिससे उद्योग में सकारात्मक परिवर्तन और नवाचार को बढ़ावा देने वाले संगठनों को भी सम्मानित किया जा सके। पुरस्कारों के लिए 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 के मध्य की उपलब्धियों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। कुल 108 प्रविष्टियों में से 80 वैध प्रविष्टियों को निर्णायक मंडल के मूल्यांकन हेतु चयनित किया गया।

डॉ. रुचिता सुजई चौधरी को प्राप्त यह राष्ट्रीय सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि मीडिया शिक्षा, शोध, प्रकाशन और ज्ञान-सृजन के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक है। यह उपलब्धि ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा संपूर्ण शैक्षणिक जगत के लिए गौरव का विषय है।

भाषा विश्वविद्यालय की 40वीं कार्यपरिषद की बैठक सम्पन्न

## 17 शिक्षकों के चयन को मिली मंजूरी, AI नीति भी हुई स्वीकृत

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की 40वीं कार्यपरिषद की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं संस्थागत विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करते हुए सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान विश्वविद्यालय की वर्तमान प्रगति, शैक्षणिक गतिविधियों, अनुसंधान एवं नवाचार कार्यक्रमों तथा भविष्य की विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यपरिषद ने विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध संस्कृति के संवर्धन तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने पर विशेष बल दिया।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय विश्वविद्यालय की स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत विभिन्न विभागों में संविदा (Contractual) आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित रहा। कार्यपरिषद ने कुल 17 शिक्षकों के चयन का अनुमोदन प्रदान किया। चयनित शिक्षकों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में डॉ. सयैद असगर हुसैन रिजवी (सह आचार्य), सतेन्द्र शुक्ला, डॉ. पीयूष पाल, वीरेंद्र कुमार एवं उन्नीकृष्णनन शामिल हैं।

कॉमर्स विभाग में डॉ. अनुभव तिवारी, डॉ. पूजा शुक्ला, डॉ. मृदुला सोनी तथा डॉ. उमाकांत का चयन अनुमोदित किया गया। व्यवसाय प्रशासन विभाग में डॉ. हिनादि अकबर, डॉ. रवि कुमार, डॉ. युसरा अहमद, डॉ. सुषमा, डॉ. सौरभ सोनकर एवं डॉ. शंतानु कुमार श्रीवास्तव के चयन को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं सिविल इंजीनियरिंग विभाग में डॉ. श्रेया जादौन एवं आयुष कुमार के चयन को भी मंजूरी दी गई।

बैठक में विश्वविद्यालय की प्रस्तावित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence - AI) नीति पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उच्च शिक्षा में AI के बढ़ते उपयोग और उसके प्रभावों को ध्यान में रखते हुए कार्यपरिषद ने शिक्षण, शोध, परीक्षा, मूल्यांकन एवं प्रशासनिक कार्यों में AI के नैतिक, पारदर्शी, जिम्मेदार एवं प्रभावी उपयोग हेतु तैयार की गई नीति को स्वीकृति प्रदान की। परिषद ने माना कि यह नीति विश्वविद्यालय को तकनीकी नवाचार, डिजिटल दक्षता और भविष्य की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने कहा कि कार्यपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय विश्वविद्यालय के समग्र विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रशासनिक दक्षता को नई दिशा प्रदान करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन निर्णयों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा।

विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव विकास ने बताया कि कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशासनिक तथा संस्थागत प्रगति को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नवाचार, गुणवत्ता और उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार विकासोन्मुखी पहलें जारी रहेंगी।

**केएमसी भाषा विश्वविद्यालय ने 11वें दीक्षांत समारोह हेतु मेडल सूची जारी की**

**लखनऊ,** दिनांक — ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने 11वें दीक्षांत समारोह-2026 के लिए मेधावी छात्र-छात्राओं की प्रोविजनल मेडल सूची जारी कर दी है।

विश्वविद्यालय स्तर पर इस वर्ष ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती मेडल मोहम्मद अफ्फान, चांसलर मेडल सौम्या मिश्रा तथा वाइस-चांसलर मेडल आकाशी यादव को प्रदान किया जाएगा।
इसके अतिरिक्त स्नातक एवं परास्नातक स्तर के विभिन्न संकायों में अनेक छात्र-छात्राओं ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए हैं।
कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।
उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।
विद्यार्थी उक्त प्रोविजनल मेडल सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://kmclu.ac.in पर भी देख सकते हैं।
उल्लेखनीय है कि जारी की गई यह सूची प्रोविजनल है तथा किसी भी आपत्ति के लिए अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर परीक्षा विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को मिला विस्तार, समर्थ पोर्टल 30 जून तक खुला

**लखनऊ, 15 जून 2026।**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को और सुगम बनाते हुए महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिकांश पाठ्यक्रमों में पंजीकरण एवं प्रवेश हेतु समर्थ (Samarth) पोर्टल को 30 जून 2026 तक खुला रखने का निर्णय लिया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान सईद ने जानकारी दी कि B.B.A., M.B.A., B.C.A., M.C.A., B.Pharm, D.Pharm., B.Tech (सभी शाखाएं), M.Tech (सभी शाखाएं), BA LL.B., LL.B., B.Com. एवं B.Sc. (Biotechnology) को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन एवं पंजीकरण कर सकते हैं।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा इससे पूर्व उन पाठ्यक्रमों में, जहां सीटों के सापेक्ष आवेदन कम प्राप्त हुए थे, 5 जून से डायरेक्ट एडमिशन (सीधे प्रवेश) की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है। इस व्यवस्था के तहत बी.ए., एम.कॉम, एम.ए. (इतिहास, उर्दू, शिक्षा, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी आदि), बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी), बीजेएमसी, एमजेएमसी और एलएलएम जैसे पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जा रहा है।

इस संबंध में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा,

"विश्वविद्यालय का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। प्रवेश प्रक्रिया को लचीला और सुलभ बनाकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी योग्य अभ्यर्थी अवसर से वंचित न रहे।"

विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए।

अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

**KMCLU Keeps Doors Open — Admission Deadline Extended to June 30 on Samarth Portal**

Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) has extended its admission process for the academic session 2026–27, keeping the Samarth Portal open till June 30, 2026 for registration and applications across most programmes.

Admission Coordinator Prof. Sauban Sayeed clarified that the portal is open for all courses except **BBA, MBA, BCA, MCA, B.Pharm, D.Pharm, B.Tech (all branches), M.Tech (all branches), BA LLB, LLB, B.Com, and B.Sc. (Biotechnology)**, which follows a separate admission schedule.
Additionally, Direct Admissions (Walk-in Counselling) have been underway since June 5 for courses where applications received were fewer than available seats. Programmes under this route include BA, M.Com, MA (History, Urdu, Education, Sociology, Political Science, Hindi, English and others), B.Sc. Biotechnology, BJMC, MJMC, and LLM.
Vice Chancellor *Prof. Ajay Taneja* urged eligible students not to wait for the last date, stating: "Our goal is to ensure quality education reaches as many students as possible. By making admissions flexible and accessible, we are committed to ensuring no deserving candidate misses the opportunity."
For details, visit www.kmclu.ac.in or the Samarth Portal: kmcluadm.samarth.edu.in

**छात्रों के लिए बड़ी राहत: भाषा विश्वविद्यालय ने बढ़ाई प्रवेश की अंतिम तिथि**

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को और सुगम बनाते हुए महत्वपूर्ण अपडेट जारी किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिकांश पाठ्यक्रमों में पंजीकरण एवं प्रवेश हेतु समर्थ (Samarth) पोर्टल को 30 जून 2026 तक खुला रखने का निर्णय लिया है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान सईद ने जानकारी दी कि **B.B.A., M.B.A., B.C.A., M.C.A., B.Pharm, D.Pharm., B.Tech** (सभी शाखाएं), **M.Tech** (सभी शाखाएं), **BA LL.B., LL.B., B.Com**. एवं **B.Sc. (Biotechnology)** को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थी समर्थ पोर्टल के माध्यम से आवेदन एवं पंजीकरण कर सकते हैं।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय द्वारा शेष पाठ्यक्रमों के लिये 5 जून से डायरेक्ट एडमिशन (सीधे प्रवेश) की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है। इस व्यवस्था के तहत बी.ए., एम.कॉम, एम.ए. (इतिहास, उर्दू, शिक्षा, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी आदि), बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी), बीजेएमसी, एमजेएमसी और एलएलएम जैसे पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जा रहा है।

इस संबंध में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा "विश्वविद्यालय का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना है। प्रवेश प्रक्रिया को लचीला और सुलभ बनाकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी योग्य अभ्यर्थी अवसर से वंचित न रहे।"

प्रभारी कुलसचिव विकास ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसे प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

**Good News for Aspiring Students- KMCLU Extends Admission Deadline to June 30**

Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) has extended the admission deadline for the academic session 2026–27, with the Samarth Portal now open till June 30, 2026 for registration and applications across most programmes.

Admission Coordinator Prof. Sauban Sayeed informed that all courses except BBA, MBA, BCA, MCA, B.Pharm, D.Pharm, B.Tech (all branches), M.Tech (all branches), BA LLB, LLB, B.Com, and B.Sc. (Biotechnology) are available for registration via the Samarth Portal.

For the remaining courses, Direct Admission through Walk-in Counselling has been underway since June 5. Programmes covered under this route include BA, M.Com, MA (History, Urdu, Education, Sociology, Political Science, Hindi, English and others), B.Sc. Biotechnology, BJMC, MJMC, and LLM.

Vice Chancellor Prof. Ajay Taneja stated: "Our goal is to ensure quality education reaches as many students as possible. By making admissions flexible and accessible, we are committed to ensuring no deserving candidate misses the opportunity."

Acting Registrar Shri Vikas urged all eligible candidates to complete their applications well before the deadline without waiting for the last date.

For details, visit www.kmclu.ac.in or the Samarth Portal: kmcluadm.samarth.edu.in

**दिनांक 16 जून 2026**

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ मे 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नागरिकों हेतु योगाभ्यास एवं ''वॉकाथॉन फॉर योग'' का आयोजन**

माननीय कुलपति महोदय प्रो. अजय तनेजा जी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर दिनांक 16 जून 2026 को वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगाभ्यास एवं ''वॉकाथॉन फॉर योग'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद शाहरिक तथा सहायक आचार्य डॉ. हसन मेहंदी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास एवं वॉकाथॉन में सहभागिता की। योगाभ्यास का प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण श्री वैभव स्वर्णकार, योग विशेषज्ञ द्वारा कराया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय प्रो. अजय तनेजा जी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं संतुलित जीवन प्रदान करता है। वर्तमान वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''स्वस्थ आयु के लिए योग'' को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ नागरिकों को नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रदर्शिनी का आयोजन**

लखनऊ, **17 जून 2026**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा जी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में दिनांक 17 जून 2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे विश्वविद्यालय के योग केंद्र में योग प्रदर्शिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहम्मद शाहरिक तथा सहायक आचार्य डॉ. हसन मेहंदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस प्रदर्शिनी का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों को आकर्षक पोस्टरों एवं प्रदर्श सामग्रियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।
इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा जी ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग न केवल स्वस्थ शरीर और शांत मन प्रदान करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन एवं सकारात्मकता का भी संचार करता है। उन्होंने वर्तमान वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" का उल्लेख करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।
योग प्रदर्शिनी में विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. शान-ए-फातिमा, डॉ. मिनहाज तथा डॉ. राजकुमार सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन योग के प्रति जन-जागरूकता एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

दिनांक **- 18 जून 2026**

**भाषा विश्वविद्यालय ने जारी की प्रथम मेरिट सूची, 19 एवं 20 जून को होगी काउंसलिंग**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की लिखित परीक्षा के आधार पर प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. सौबान सईद ने बताया कि मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 19 जून 2026 एवं 20 जून 2026 को आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन के द्वितीय तल स्थित कक्ष संख्या 245 में प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:00 बजे तक उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होना होगा। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग के उपरांत निर्धारित शुल्क ऑनलाइन माध्यम से तत्काल जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी अभ्यर्थी का दावा स्वतः समाप्त माना जाएगा तथा उसके प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

प्रथम मेरिट सूची निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए जारी की गई है—

* बी.टेक. (ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स इंजीनियरिंग)
* बी.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग)
* बी.टेक. (सिविल इंजीनियरिंग)
* बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद एआई एंड डीएस)
* बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद एआई एंड एमएल)
* बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग)
* बी.टेक. (मैकेनिकल इंजीनियरिंग)
* बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए)
* बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (बीसीए)
* बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी.फार्मा)
* बी.टेक. (साइबर सिक्योरिटी)

* डिप्लोमा इन फार्मेसी
* एम.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विद एआई एंड एमएल)
* एम.टेक. (मेकाट्रॉनिक्स)
* मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए)
* मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स (एमसीए)
* एम.टेक. (बायोटेक्नोलॉजी)
* एम.टेक. (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग)

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथियों में समय से उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

## KMCLU 2026-27 Admissions: First Merit List Out, Counselling Begins June 19

Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) has released its First Merit List for admission to various undergraduate and postgraduate programmes for the academic session 2026–27, based on the university's written entrance examination.

Admission Coordinator Prof. Sauban Sayeed announced that counselling and admission for selected candidates will be held on June 19 and 20, 2026, from 10:30 AM to 4:00 PM at Room No. 245, Second Floor, Academic Building.

Candidates must appear with all original certificates and required documents. Following counselling, the admission fee must be deposited online immediately to confirm the seat.

The university administration has made it clear that no claims will be entertained after the stipulated dates, and candidates failing to appear will forfeit their seat.

The First Merit List has been released for the following programmes:

### UG Programmes

B.Tech. (Automation & Robotics, Biotechnology, Civil, CS&E with AI&DS, CS&E with AI&ML, CS&E, Mechanical, Cyber Security), BBA, BCA, B.Pharm, Diploma in Pharmacy

### PG Programmes

M.Tech. (CS&E with AI&ML, Mechatronics, Biotechnology, Structural Engineering), MBA, MCA

All selected candidates are urged to complete their admission formalities within the stipulated dates. For details, visit www.kmclu.ac.in

दिनांक —

## केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह के लिए राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी मुख्य अतिथि नामित

लखनऊ, दिनांक —
ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के 11वें दीक्षांत समारोह के लिए मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी को नामित किया गया है। माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उनके नाम को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की है।
डॉ. सुधांशु त्रिवेदी देश के प्रमुख विचारकों, विश्लेषकों और राजनीतिक सलाहकारों में गिने जाते हैं। वे वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य होने के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय नीतियों, राजनीतिक एवं सामाजिक मुद्दों पर उनकी गहरी पकड़ और स्पष्ट विचारधारा उन्हें विशिष्ट पहचान दिलाती है।
लखनऊ में जन्मे डॉ. त्रिवेदी ने इंजीनियरिंग में स्नातक के बाद यांत्रिक इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। वे कम आयु में ही राजनीति और नीति-निर्माण से जुड़ गए थे। उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार के रूप में भी कार्य करने का अवसर मिला। साथ ही वे राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व के सलाहकार के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।
वर्ष 2014 एवं 2019 के आम चुनावों में उन्होंने पार्टी की मीडिया एवं संचार रणनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी तार्किक क्षमता, प्रभावशाली वक्तृत्व और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण के कारण वे देशभर में एक सशक्त बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हैं।
विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने इस अवसर पर कहा,
"डॉ. सुधांशु त्रिवेदी का हमारे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आगमन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होगा। उनका बौद्धिक अनुभव, विश्लेषणात्मक दृष्टि और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य हमारे विद्यार्थियों को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।"

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ एवं पदक प्रदान किए जाएंगे।

**भाषा विवि में बी.कॉम., बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी), बीए एलएल.बी. एवं एलएल.बी. पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु सूचना जारी**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा बी.कॉम., बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी), बीए एलएल.बी. तथा एलएल.बी. पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए संशोधित प्रतीक्षा सूची (Revised Common Waiting List) एवं कॉमन सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के प्रवेश समन्वयक प्रो. सौवान सईद द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों का विवरण निम्नवत् है—

विभिन्न पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों का वर्गवार विवरण इस प्रकार है:

◆ **बी.कॉम. – सामान्य वर्ग (UR) में 06, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) में 09, अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST) में 04 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) में 05 सीटें रिक्त हैं।**

◆ **बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी) – सामान्य वर्ग में 22, ओबीसी में 15, एससी/एसटी में 10 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 05 सीटें उपलब्ध हैं।**

◆ **बीए एलएल.बी. – सामान्य वर्ग में 15, ओबीसी में 07, एससी/एसटी में 04 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 05 सीटें रिक्त हैं।**

◆ **एलएल.बी. – सामान्य वर्ग में 11, ओबीसी में 08, एससी/एसटी में 07 तथा ईडब्ल्यूएस वर्ग में 06 सीटें उपलब्ध हैं।**

विज्ञप्ति के अनुसार बी.एससी. (बायोटेक्नोलॉजी) की संशोधित कॉमन वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों को दिनांक 23 जून 2026 को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भवन स्थित द्वितीय तल के कक्ष संख्या 245 में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया हेतु रिपोर्ट करना होगा।

इसी प्रकार बी.कॉम. की संशोधित कॉमन वेटिंग सूची में शामिल अभ्यर्थियों को भी 23 जून 2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक कक्ष संख्या 245 में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उपस्थित अभ्यर्थियों को

वेटिंग सूची में प्राप्त क्रमांक एवं उपलब्ध रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश प्रदान किया जाएगा। बी.कॉम. पाठ्यक्रम की नियमित सीटें भर जाने की स्थिति में इच्छुक अभ्यर्थियों को बी.कॉम. (स्ववित्तपोषित) पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त बीए एलएल.बी. एवं एलएल.बी. पाठ्यक्रमों की 19 जून 2026 को प्रकाशित कॉमन सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों को भी 23 जून 2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक कक्ष संख्या 245 में रिपोर्ट करना होगा। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष सूची में अभ्यर्थियों के क्रमांक के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के पश्चात रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश संबंधी कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

विश्वविद्यालय ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक अभिलेखों सहित उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

**KMCLU Announces Admission Opportunity for Vacant Seats in B.Com, B.Sc. (Biotechnology), BA LLB & LLB**

Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) has issued an admission notice for vacant seats in B.Com, B.Sc. (Biotechnology), BA LLB, and LLB programmes, based on the Revised Common Waiting List and Common List. Admission Coordinator Prof. Sauban Sayeed released the category-wise breakup of vacant seats:

| Programme | UR | OBC | SC/ST | EWS |
|---|---|---|---|---|
| B.Com | 06 | 09 | 04 | 05 |
| B.Sc. (Biotechnology) | 22 | 15 | 10 | 05 |
| BA LLB | 15 | 07 | 04 | 05 |
| LLB | 11 | 08 | 07 | 06 |

Reporting Schedule — June 23, 2026:

- B.Sc. (Biotechnology): Candidates from the revised waiting list must report at Room No. 245, Second Floor, Academic Building.
- B.Com: Candidates from the revised waiting list must report by 1:00 PM at the same venue. Admission will be granted based on waiting list rank against available seats.
- If regular B.Com seats are filled, interested candidates will be offered admission under the B.Com (Self-Financed) programme.
- BA LLB & LLB: Candidates from the Common List published on June 19, 2026, must also report by 1:00 PM at Room No. 245, with admission granted as per their rank against available seats.

The university has made it clear that no claims will be entertained for candidates reporting after the stipulated time, and admission fee must be deposited immediately after counselling.

All eligible candidates are urged to report on the scheduled date and time with the requisite original documents to complete the admission process.

***प्रेस विज्ञप्ति***

***अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल पूर्वाभ्यास एवं योग शपथ कार्यक्रम का आयोजन***

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा जी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में दिनांक 19 जून, 2026 को विश्वविद्यालय में योग प्रोटोकॉल-2026 के पूर्वाभ्यास एवं योग शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 6:00 बजे योग प्रोटोकॉल-2026 का पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षक श्री वैभव स्वर्णकार ने प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया।

इसके उपरांत पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में योग शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव श्री विकास ने उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने तथा स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम का संयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष मोहम्मद शारिक एवं सहायक आचार्य डॉ. हसन मेहदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मण सिंह, अभय कृष्णा सहित विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

माननीय कुलपति महोदय जी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके नियमित अभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया।

**KMCLU Gears Up for International Yoga Day 2026 with Protocol Rehearsal and Pledge Ceremony**

Lucknow, June 19, 2026 — Under the guidance of Vice Chancellor Prof. Ajay Taneja, Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) organised a rehearsal of the Yoga Protocol-2026 and a Yoga Pledge Ceremony today, ahead of International Yoga Day.

The protocol rehearsal was held at 6:00 AM, where Yoga Instructor Shri Vaibhav Swarnkar guided participants through various asanas and pranayama as per the official International Yoga Day protocol, emphasising the importance of yoga for a healthy and balanced lifestyle.

This was followed by a Yoga Pledge Ceremony at 11:00 AM at the Administrative Building, where Registrar Shri Vikas administered the pledge to faculty, officers, and staff, urging them to make yoga an integral part of daily life and stay committed to health and well-being.

The event was coordinated by Mohammad Shariq, Head, Department of Physical Education, and Dr. Hasan Mehdi, Assistant Professor. Dr. Lakshman Singh, Abhay Krishna, and several other faculty members, officers, and staff were present.

Vice Chancellor Prof. Taneja described yoga as a priceless heritage of Indian culture, highlighting its physical, mental, and spiritual health benefits through regular practice. All participants pledged active participation in the successful observance of International Yoga Day.

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित अंग्रेज़ी भाषा अधिगम प्रणाली पर डॉ. रुचिता सुजय चौधरी का पेटेंट प्रकाशित**

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की प्रभारी तथा सहायक आचार्य डॉ. रुचिता सुजय चौधरी सहित 12 अन्य आवेदकों द्वारा विकसित अभिनव आविष्कार "व्यक्तिगत अंग्रेज़ी पठन एवं लेखन कौशल अनुकूलन हेतु अनुकूली अधिगम तकनीकों पर आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता रूपरेखा" का प्रकाशन भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पेटेंट ऑफिस जर्नल संख्या 25/2026, दिनांक 19 जून 2026 में किया गया है।

यह प्रस्तावित आविष्कार अंग्रेज़ी भाषा के पठन एवं लेखन कौशल को प्रत्येक शिक्षार्थी की आवश्यकता के अनुरूप विकसित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित एक उन्नत प्रणाली प्रस्तुत करता है। इसमें ट्रांसफॉर्मर आधारित अनुकूली अधिगम मॉडल का उपयोग किया गया है, जो शिक्षार्थियों की पठन-बोध क्षमता, शब्दावली के प्रयोग, व्याकरणिक शुद्धता, वाक्य निर्माण तथा लेखन की तार्किकता और सुसंगतता का विश्लेषण कर उन्हें व्यक्तिगत शिक्षण सुझाव प्रदान करता है।

यह प्रणाली शिक्षार्थी के प्रदर्शन और प्रगति के आधार पर अध्ययन सामग्री, लेखन अभ्यास, व्याकरण संबंधी गतिविधियों तथा शब्दावली विकास कार्यक्रमों को स्वतः अनुकूलित करती है। साथ ही, स्वचालित लेखन मूल्यांकन तथा त्वरित प्रतिपुष्टि (फीडबैक) की सुविधा शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सहभागितापूर्ण और परिणामोन्मुख बनाती है।

यह आविष्कार पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों की सीमाओं को कम करते हुए अंग्रेज़ी भाषा दक्षता में वृद्धि, शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं प्राकृतिक भाषा संसाधन तकनीकों के माध्यम से स्मार्ट एवं अनुकूली शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणाली विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, ऑनलाइन शिक्षण मंचों तथा भाषा प्रशिक्षण संस्थानों में अंग्रेज़ी भाषा शिक्षण को अधिक प्रभावी और शिक्षार्थी-केंद्रित बनाने में उपयोगी सिद्ध होगी। यह शिक्षार्थियों की व्यक्तिगत सीखने की गति, क्षमता और आवश्यकताओं के अनुसार अध्ययन सामग्री एवं अभ्यास उपलब्ध कराकर उनकी पठन, लेखन, व्याकरण और शब्दावली संबंधी दक्षताओं में सुधार करेगी। विशेष रूप से दूरस्थ शिक्षा, स्व-अध्ययन तथा बहुभाषी शिक्षार्थियों के लिए यह प्रणाली अत्यंत लाभकारी होगी।

इस प्रौद्योगिकी को हिंदी सहित अन्य भारतीय भाषाओं के पठन एवं लेखन कौशल विकास के लिए विस्तारित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, वाक् पहचान (स्पीच रिकग्निशन), उच्चारण मूल्यांकन, संवादात्मक चैटबॉट, भाव विश्लेषण तथा जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण मॉड्यूल को भी इसमें समाहित किया जा सकता है। भविष्य में इस प्रणाली का एकीकरण स्वयम्, दीक्षा तथा अन्य डिजिटल शिक्षा मंचों के साथ कर देश में गुणवत्तापूर्ण एवं समावेशी भाषा शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पेटेंट शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभिनव उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शोध एवं नवाचार भविष्य की तकनीक-संचालित शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उल्लेखनीय है कि डॉ. रुचिता सुजई चौधरी जनसंचार, मीडिया अध्ययन, डिजिटल शिक्षा तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण नवाचारों के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा अब तक नौ पुस्तकें तथा पचास से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित किए जा चुके हैं। यह पेटेंट उनकी शैक्षणिक एवं शोध उपलब्धियों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में जुड़ गया है।

**योग से स्वास्थ्य का संदेश: केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में भव्य आयोजन**

**लखनऊ, 21 जून 2026**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विशेष योग सत्र में बड़ी संख्या में शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की और योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने किया। उनके साथ रजिस्ट्रार श्री विकास, डिप्टी रजिस्ट्रार मोहम्मद सहील , डॉ. शारिक़, डॉ. मेहदी हसन सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य देन है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पूरा आयोजन अनुशासन, उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

***ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में SWAYAM के माध्यम से MOOCs एकीकरण पर कार्यशाला आयोजित***

**लखनऊ, 22 जून 2026**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के स्वयं लोकल चैप्टर द्वारा "Integrating MOOCs Through SWAYAM" विषय पर एक दिवसीय संकाय विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया तथा इसका संयोजन विश्वविद्यालय की स्वयं नोडल अधिकारी डॉ. रुचिता सुजई चौधरी ने किया।

कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (NCrF) तथा UGC SWAYAM Regulations के अनुरूप विश्वविद्यालय में मूक्स आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना, विभागीय पाठ्यक्रमों के साथ स्वयं को एकीकृत करना तथा विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षण अवसर सुनिश्चित करना था।

कार्यशाला में शिक्षकों के लिए अपने संदेश में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि "स्वयं केवल एक ऑनलाइन शिक्षण मंच नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और लचीली उच्च शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विश्वविद्यालय के सभी विभागों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं कौशलगत आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं पाठ्यक्रमों को अपनाते हुए अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करना चाहिए।"

कार्यशाला के दौरान स्वयं नोडल अधिकारी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने आगामी सत्र के लिए विश्वविद्यालय की स्वयं कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य स्वयं को केवल एक वैकल्पिक मंच के रूप में नहीं बल्कि शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के अभिन्न अंग के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विभाग को अपने पाठ्यक्रमों के अनुरूप स्वयं मूक्स की पहचान कर उनका करिक्यूलम मैपिंग करना होगा तथा विभागवार अनुमोदित पाठ्यक्रमों की सूची तैयार कर विद्यार्थियों को समयबद्ध रूप से उपलब्ध करानी होगी।

डॉ. चौधरी ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि आगामी सेमेस्टर में प्रत्येक विभाग विद्यार्थियों को स्वयं पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए प्रेरित करे तथा नियमित रूप से उनकी प्रगति की निगरानी करे।

उन्होंने सुझाव दिया कि विभाग स्तर पर स्वयं मैंटर्स नामित किए जाएँ जो विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम चयन, अध्ययन प्रबंधन एवं परीक्षा पंजीकरण संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करें।

उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय में स्वयं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्न रणनीतियों पर कार्य किया जाएगा—

* विभागवार स्वयं पाठ्यक्रमों का मानचित्रण एवं अनुमोदन।

* UGC विनियमों के अनुसार क्रेडिट ट्रांसफर प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना।

* विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता अभियान चलाना।

* प्रत्येक विभाग में स्वयं प्रगति की त्रैमासिक समीक्षा करना।

* मूक्स आधारित मिश्रित शिक्षण (ब्लैंडेड लर्निंग ) को कक्षा शिक्षण के साथ जोड़ना।

* कौशल विकास, उद्यमिता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संचार, भाषा एवं बहुविषयक विषयों से संबंधित पाठ्यक्रमों को विशेष प्राथमिकता देना।

* एनईपी -2020 के अनुरूप अकादमिक बैंक ऑफ क्रैडिट्स(ABC) के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करना।

डॉ. रुचिता सुजई चौधरी ने कहा कि "स्वयं विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं संस्थानों से सीखने का अवसर प्रदान करता है। यदि विभागीय स्तर पर सुनियोजित रणनीति के साथ इसे लागू किया जाए तो यह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि करेगा बल्कि उनके रोजगारपरक कौशल, डिजिटल दक्षता और बहुविषयक ज्ञान को भी सशक्त बनाएगा। आगामी सत्र में हमारा प्रयास रहेगा कि विश्वविद्यालय के अधिकाधिक विद्यार्थी स्वयं पाठ्यक्रमों में नामांकन कर क्रेडिट अर्जित करें तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने में भागीदार बनें।"

कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने विभागवार कार्ययोजना तैयार करने, संभावित चुनौतियों पर चर्चा करने तथा स्वयं के व्यापक क्रियान्वयन के लिए सहयोगात्मक प्रयास करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर कार्यशाला में श्री सौरभ सिंह , डॉ. सविता सिंह, श्री कार्तिकेय प्रकाश, डॉ. सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, डॉ. श्वेता त्रिवेदी, डॉ. बसंत के. वरुण, डॉ. शिप्रा सिंह, डॉ. हिमांशु गंगवार तथा सुश्री तान्या सागर सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकों ने सहभागिता की।

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम पहल**

**लखनऊ, 22 जून 2026:**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय परिसर में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। यह निर्णय माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया की अपेक्षाओं के अनुरूप लिया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय-ज्ञापन के अनुसार, अब परिसर के सभी भवनों, छात्रावासों तथा अन्य इकाइयों में प्लास्टिक की बोतलें, कप, प्लेट, चम्मच, पॉलीथीन बैग आदि के उपयोग पर पूर्णतः रोक रहेगी। इसके स्थान पर मिट्टी, कागज, पत्तों से बने उत्पाद, कपड़े के थैले तथा कांच/स्टील के बर्तनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि,

“पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी वाहक है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाकर हम न केवल स्वच्छ और हरित परिसर की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों और समाज को भी जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।”

उन्होंने आगे कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों—शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं कैंटीन संचालकों—से अपेक्षा की जाती है कि वे इस निर्णय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें और इसे एक जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस निर्णय की जानकारी व्यापक रूप से प्रसारित करें तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें।

यह पहल न केवल विश्वविद्यालय को एक पर्यावरण-अनुकूल परिसर के रूप में स्थापित करेगी, बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश प्रसारित करेगी।

**भाषा विवि में प्रवेश प्रक्रिया तेज, 24-25 जून को होगी काउंसलिंग**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश प्रक्रिया को गति देते हुए विभिन्न पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग एवं रिपोर्टिंग कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संबंधित पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय और कक्ष में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें। जारी सूचना के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी, जिनका नाम इनकम्प्लीट सूची में अंकित है, अथवा जिन्होंने प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के बावजूद समर्थ पोर्टल पर अपना परीक्षा परिणाम/रिजल्ट अपडेट नहीं किया है, वे 23 जून से 25 जून 2026 तक अपना परिणाम समर्थ पोर्टल पर अपडेट कर दें। अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा परिणाम की छायाप्रति, अन्य शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की मूल प्रतियां तथा एक सेट फोटोकॉपी के साथ काउंसलिंग कक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी कहा है कि कॉमन वेटिंग लिस्ट में शामिल अभ्यर्थी तथा प्रथम मेरिट सूची में चयनित होकर भी रिपोर्ट न कर पाने वाले अभ्यर्थी भी निर्धारित तिथियों पर रिपोर्ट करें। नियत समय और तिथि के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश संबंधी दावे स्वीकार नहीं किए जाएंगे। काउंसलिंग के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को शुल्क तत्काल जमा करना होगा।

प्रवेश समन्वयक के अनुसार बी.टेक., एम.टेक., साइबर सिक्योरिटी, डी.फार्मा, मैकेनिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, एआई एंड एमएल, एआई एंड डीएस तथा बायोटेक्नोलॉजी सहित कई तकनीकी पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों को 24 एवं 25 जून 2026 को शैक्षिक भवन के तृतीय तल स्थित कक्ष संख्या 343 में रिपोर्ट करना होगा। वहीं बीबीए, बीसीए, बी.फार्मा, एमबीए एवं एमसीए जैसे पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों को शैक्षिक भवन के द्वितीय तल स्थित कक्ष संख्या 245 में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें से कुछ पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों को 25 जून को दोपहर 1 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा, जिसके बाद उपलब्ध सीटों के सापेक्ष मेरिट/क्रम के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

विश्वविद्यालय ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें और समय से उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करें।

## KMCLU Accelerates Admission Process; Counseling for Academic Session 2026-27 Set for June 24-25

In a bid to expedite the admission process for the upcoming 2026-27 academic session, the Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU) administration has released the comprehensive counseling and reporting schedule for its various undergraduate and postgraduate programs.

University officials have issued a strict directive urging all prospective candidates to appear in person at their designated venues, fully equipped with the required documentation, to finalize their enrollment within the stipulated deadlines.

According to the official notification, a crucial window has been opened for candidates whose names currently appear on the "incomplete application list," as well as those who cleared the university entrance examination but have yet to upload their qualifying results. These students are required to update their academic credentials on the *Samarth Portal between June 23 and June 25, 2026.*

Furthermore, the university has mandated that all candidates present a printed copy of their online examination results, their original academic certificates, and a complete set of self-attested photocopies at the time of counseling.

The administration clarified that this reporting window is also open to candidates currently placed on the common waiting list, alongside those from the first merit list who failed to report during earlier rounds. Officials warned that no admission claims or extensions will be entertained once the designated deadlines pass. Upon successful verification, selected candidates will be required to remit their admission fees immediately to secure their seats.

To streamline the intake, the Admission Coordinator has charted specific venues across the campus based on disciplines:

• Technical and Engineering Streams: *Candidates tracking admissions into B.Tech, M.Tech, Cyber Security, D.Pharma, Mechanical, Civil, Computer

Science, AI & ML, AI & DS, and Biotechnology are required to report to Room No. 343 on the third floor of the Academic Block on June 24 and 25.*

• Professional and Management Streams: *Candidates for BBA, BCA, B.Pharma, MBA, and MCA programs must report to Room No. 245 on the second floor of the Academic Block.*

The university administration emphasized that for several of these professional tracks, the reporting window will strictly close at 1:00 PM on June 25, 2026. Following this cutoff, the university will immediately begin allocating any remaining vacant seats to waiting-list candidates strictly on the basis of merit.

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 11वें दीक्षान्त समारोह से पूर्व वृहद स्वच्छता अभियान आयोजित**

**लखनऊ, 24 जून 2026**
ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आगामी 11वें दीक्षान्त समारोह के पूर्व 'दीक्षोत्सव-2026' के अंतर्गत बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में वृहद स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान का आयोजन किया गया। प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ हुए इस अभियान की शुरुआत अशफाक उल्ला खाँ अतिथि गृह से हुई, जिसके पश्चात पूरे परिसर, छात्रावासों एवं विभिन्न विभागों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता कार्य संपन्न कराया गया।
यह अभियान माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन तथा कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दीक्षान्त समारोह से पूर्व विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाना रहा।
दीक्षोत्सव-2026 की संयोजक डॉ. नलिनी मिश्रा के संयोजन में आयोजित इस अभियान में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हुए सामूहिक स्वच्छता शपथ भी ग्रहण की।
इस अवसर पर कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक श्री विकास, उप कुलसचिव मोहम्मद सहील, सहायक कुलसचिव श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामदास सहित अन्य अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए श्रमदान किया और उपस्थित सभी को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कुलपति के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के सभी विभागों, प्रशासनिक कार्यालयों, प्रयोगशालाओं एवं छात्रावासों में व्यापक सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

**कुलपति प्रो. अजय तनेजा का बयान:**

कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने इस अवसर पर कहा,

"स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। दीक्षान्त समारोह जैसे महत्वपूर्ण अवसर से पूर्व यह हमारा दायित्व है कि हम अपने विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायी बनाएं। यह अभियान न केवल परिसर की साफ-सफाई तक सीमित है, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करने का भी एक सशक्त माध्यम है।

**ग्रीन मैराथन ऑन व्हील्स के संदर्भ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ऑनलाइन व्याख्यान एवं विमर्श आयोजित**

**लखनऊ, 25 जून 2026**

नशा मुक्त भारत अभियान (NMBA) के अंतर्गत आयोजित "Green Marathon on Wheels from Delhi to Ayodhya (24–25–26 June, 2026)" के संदर्भ में आज दिनांक 25 जून 2026 को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ की एंटी एडिक्शन कमेटी द्वारा एक ऑनलाइन व्याख्यान एवं विमर्श का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुर्तज़ा अली अतहर, नोडल अधिकारी, एंटी एडिक्शन कमेटी ने की। कार्यक्रम में डॉ. आरिफ अब्बास एवं डॉ. लक्ष्मण सिंह (शिक्षक सदस्य, एंटी एडिक्शन कमेटी) सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकगण, एंटी एडिक्शन कमेटी के छात्र प्रतिनिधि, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।
अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मुर्तज़ा अली अतहर ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए Indo European Chamber of Small and Medium Enterprises (IECSME), IECSME कामधेनु (भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (UGC) एवं राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्थापित) तथा Asha Global Trust के द्वारा आयोजित " नशा-मुक्त भारत अभियान " के अंतर्गत 24 से 26 जून 2026 तक आयोजित ग्रीन मैराथन ऑन व्हील्स के सफल क्रियान्वयन की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि, उद्देश्य एवं सामाजिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज—तीनों के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति से परिवारों का विघटन होता है तथा यह युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से समाज में जन-जागरूकता फैलाने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।
डॉ. आरिफ अब्बास ने अपने वक्तव्य में नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों एवं इसकी सामाजिक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इस जन-जागरूकता अभियान से जोड़ना समय की आवश्यकता है।
इसके पश्चात डॉ. लक्ष्मण सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना भी उनका दायित्व है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक शिक्षक अपनी कक्षाओं में प्रतिदिन पाँच से दस मिनट का समय नशे के दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव के उपायों पर चर्चा के लिए अवश्य निर्धारित करें, जिससे विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित हो सके।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगण, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन उर्दू विभाग के शोधार्थी मोहम्मद नसीम ने किया और अंत में आविष्कार यादव, छात्र सदस्य, एंटी एडिक्शन कमेटी ने सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं आयोजक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

***KMCLU Organizes Online Discussion to Support "Green Marathon on Wheels Against Drug Abuse"*:**

As part of the *Nasha Mukt Bharat Abhiyan (Drug-Free India Campaign*, an online lecture and discussion was organized today, June 25, 2026, by the *Anti-Addiction Committee of Khwaja Moinuddin Chishti Language University*, Lucknow, in connection with the *"Green Marathon on Wheels from Delhi to Ayodhya" (June 24–26, 2026)* The session was chaired by *Dr. Murtaza Ali Athar, Nodal Officer of the Anti-Addiction Committee*. It was attended by *Dr. Arif Abbas and Dr. Lakshman Singh (faculty members, Anti-Addiction Committee)*, along with teachers from various departments of the university, student representatives of the committee, research scholars, and a large number of students.

In his presidential address, Dr. Murtaza Ali Athar welcomed all participants and conveyed best wishes for the successful execution of the Green Marathon on Wheels, organized under the Nasha Mukt Bharat Abhiyan by the Indo European Chamber of Small and Medium Enterprises (IECSME), IECSME Kamdhenu (established in line with guidelines of the Ministry of Education/UGC, Government of India, and the National Kamdhenu Commission), and Asha Global Trust, running from June 24 to 26, 2026. He elaborated on the background, objectives, and social significance of the program, stating that drug addiction is extremely harmful to the individual, the family, and society alike. He noted that the tendency toward substance abuse leads to the breakdown of families and adversely affects the physical, mental, and social development of youth. He called upon all participants to spread public awareness and actively contribute to building a drug-free India.

Dr. Arif Abbas, in his address, highlighted the objectives of the *Nasha Mukt Bharat Abhiyan* and its social relevance, stating that connecting every section of society with this awareness campaign is the need of the hour. Dr. Lakshman Singh

subsequently said that the role of teachers is not limited to imparting knowledge alone, but also includes fostering social responsibility and moral values among students. He suggested that every teacher should set aside five to ten minutes daily in their classes to discuss the harmful effects of drug abuse and ways to prevent it, so as to build awareness among students.

The teachers, research scholars, and students present at the program pledged active participation in realizing the goal of a drug-free India.

The program was conducted by Mohammad Naseem, a research scholar from the Urdu Department, and concluded with a vote of thanks delivered by Avishkar Yadav, Student Member of the Anti-Addiction Committee, who expressed gratitude to all speakers, participants, and organizing institutions for the successful conclusion of the event.

**एनआईपीएम उत्तर प्रदेश चैप्टर की वार्षिक आम बैठक 28 जून को लखनऊ में संपन्न**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सोनल मैनेजमेंट (NIPM) उत्तर प्रदेश चैप्टर की वार्षिक आम बैठक (Annual General Meeting) 28 जून को होटल गोमती, लखनऊ में मानव संसाधन (HR) क्षेत्र के वरिष्ठ विशेषज्ञों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **केएमसीएलयू, लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा** थे। कार्यक्रम में **क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-II, लखनऊ श्री आशीष कुमार**, एनआईपीएम उत्तर प्रदेश चैप्टर के अध्यक्ष **श्री विनोद कुमार यादव**, कोषाध्यक्ष **डॉ. गजेंद्र कुमार गुप्ता** तथा मानद सचिव **डॉ. विष्णु पी. सिंह** भी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में प्रो. अजय तनेजा ने कर्मचारियों के **समग्र (Holistic) विकास** पर बल देते हुए कहा कि व्यक्तिगत विकास को संगठन के मूल्यों (Core Values) के साथ जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सच्चा नेतृत्व कर्मचारियों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता से पहचाना जाता है। उन्होंने कहा, **"Bosses say 'Go', but Leaders say 'Let's Go'."**
उन्होंने कहा कि पहले कर्मचारी अपना पूरा कार्यकाल एक ही संस्था में बिताते थे, जबकि आज का कर्मचारी संगठन में अपने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास को अधिक महत्व देता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज संस्थानों में **AI आधारित चैटबॉट्स** का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन **AI मानव संसाधन (HR) की भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional Intelligence), सहानुभूति (Empathy) और मानवीय संवेदनाओं का स्थान नहीं ले सकता।**
बैठक का समापन मानव संसाधन प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कर्मचारी-केंद्रित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर ख़ादिज़ा का गरिमामय विदाई समारोह आयोजित**

**29 जून 2026**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से वरिष्ठ शिक्षकों प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर ख़ादिज़ा के सेवानीवृत्त होने के अवसर पर एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शोधार्थियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर दोनों शिक्षकों के दीर्घकालीन शैक्षणिक एवं संस्थागत योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज़फ़रून नक़ी ने प्रभावशाली अंदाज़ में किया। उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में दोनों प्राध्यापकों की शैक्षणिक उपलब्धियों, विद्यार्थियों के प्रति उनके समर्पण तथा विश्वविद्यालय के विकास में उनके उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर पीएचडी शोधार्थियों ने भी भावपूर्ण वक्तव्य प्रस्तुत किया। उन्होंने दोनों शिक्षकों के मार्गदर्शन, सरल व्यक्तित्व एवं विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार को याद करते हुए कहा कि उनका सान्निध्य शोधार्थियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर ख़ादिज़ा ने अपने ज्ञान, अनुभव और समर्पण से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। उन्होंने दोनों शिक्षकों के स्वस्थ, सुखद एवं सक्रिय जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनका अनुभव विश्वविद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

कुलसचिव श्री विकास ने अपने संबोधन में दोनों सेवानीवृत्त शिक्षकों की कार्यनिष्ठा, अनुशासन एवं संस्थान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. अताउर रहमान ने भी अपने वक्तव्य में दोनों शिक्षकों के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया और कहा कि उनका सौम्य व्यक्तित्व, सहयोगी स्वभाव तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता सदैव स्मरणीय रहेगी।

कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय परिवार की ओर से प्रो. फखरे आलम एवं प्रो. तनवीर ख़ादिज़ा को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दोनों शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सफल भविष्य की कामना की।

समारोह का वातावरण आत्मीयता, सम्मान और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। अंत में विश्वविद्यालय परिवार ने दोनों सेवानीवृत्त शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके जीवन के नए अध्याय के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

***Classes for Academic Session 2026–27 to Begin in June-July at Khwaja Moinuddin Chishti Language University***

*Lucknow, 29 June 2026

Classes for the new academic session 2026–27 at Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, will commence in the coming months of June and July. As per the schedule released by the university administration, classes for *Third, Fifth, and Seventh Semester* students will begin from *June 29, 2026*, while *First Semester* classes will start from *July 20, 2026.* The schedule applies uniformly to courses offered under both the regular and self-financed schemes.

Following approval from the Vice-Chancellor, *Dean (Academics) Prof. Sauban Sayeed* has formally communicated the schedule to all Deans, Heads of Departments, and Subject In-charges. Departments have been asked to prepare their respective timetables based on the master schedule to ensure the smooth commencement of classes.

For the convenience of students, the university has advised that timetable-related information can be obtained by visiting the concerned departments or by checking the schedule available on the university's official website.

The university administration expressed confidence that the timely commencement of the new session, as per the announced schedule, would ensure there is no disruption to the students' academic calendar.

***ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026–27 की कक्षाएँ जून-जुलाई से होंगी प्रारम्भ***

***लखनऊ, 29 जून 2026**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026–27 की कक्षाओं का संचालन आगामी जून एवं जुलाई माह से प्रारम्भ हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार *तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर* की कक्षाएँ *29 जून 2026* से तथा *प्रथम सेमेस्टर* की कक्षाएँ *20 जुलाई 2026* से शुरू होंगी। यह व्यवस्था नियमित एवं स्ववित्तपोषित दोनों योजनाओं के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों पर समान रूप से लागू होगी।

माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन के पश्चात अधिष्ठाता शैक्षणिक *प्रो. सौबान सईद* ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं विषय प्रभारियों को इस सम्बन्ध में सूचित कर दिया है। विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे मास्टर समय-सारिणी के आधार पर अपनी-अपनी विभागीय समय-सारिणी तैयार कर कक्षाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित करें।

विद्यार्थियों की सुविधा हेतु बताया गया है कि समय-सारिणी सम्बन्धी जानकारी हेतु वे विश्वविद्यालय के प्रवेश डेस्क पर सम्पर्क करें अथवा विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध समय-सारिणी का अवलोकन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नए सत्र की कक्षाएँ समय से प्रारम्भ होने से विद्यार्थियों के शैक्षणिक कैलेंडर में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 'दीक्षोत्सव–2026' की धूम: परिसर से लेकर गोद लिए गए गांवों तक सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल गतिविधियों का उत्साह**

**लखनऊ, 30 जून 2026।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आगामी 11वें दीक्षांत समारोह के पूर्व आयोजित 'दीक्षोत्सव–2026' के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर एवं विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल गतिविधियों का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीण युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिल रही है।

दीक्षोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर तथा गोद लिए गए गांवों में भाषण प्रतियोगिता, कहानी लेखन, काव्य पाठ, चित्रकला (आर्ट) प्रतियोगिता एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता, नेतृत्व कौशल और अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें मंच प्रदान करना है। विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी गांवों में पहुंचकर प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिससे शिक्षा और समाज के बीच सहभागिता को नई मजबूती मिल रही है।

माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा, "दीक्षोत्सव हमारे विश्वविद्यालय की उस सोच का प्रतीक है जिसमें शिक्षा को समाज से जोड़कर देखा जाता है। कक्षा की सीमाओं से बाहर निकलकर विद्यार्थियों को रचनात्मक अभिव्यक्ति, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के अवसर प्रदान करना ही वास्तविक शिक्षा है। यह अत्यंत संतोष का विषय है कि हमारे शिक्षक एवं विद्यार्थी गोद लिए गए गांवों में पहुंचकर स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की स्वस्थ भावना और सामाजिक सहभागिता का विकास हो रहा है, जो विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।"

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नलिनी मिश्रा ने कहा, "दीक्षोत्सव का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर और गोद लिए गए गांवों की प्रतिभाओं को एक साझा मंच प्रदान कर उनकी रचनात्मक क्षमता को नई पहचान देना है।"

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि दीक्षोत्सव–2026 के अंतर्गत आयोजित ये विविध कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं ग्रामीण युवाओं के व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक सहभागिता को नई दिशा प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय और समाज के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बना रहे हैं।